## खबर संक्षेप

### 8 अगस्त को लगेगा निःशुल्क रोग निदान शिविर

**सौंसर।** क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए शहीद भगत सिंह व्यापारी मंडल एवं समस्त पत्रकार बंधुओ द्वारा एक विशेष पहल की जा रही है। नागपुर के सुप्रसिद्ध आयुर्वेद पंचकर्म तज्ञ एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉ. ममतानी दंपती (डॉ. जी.एम. ममतानी एवं डॉ. अंजु जी. ममतानी) द्वारा सौंसर में एक दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक रोग निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर आयोजन प्रमुख दिलीप बागडे ने बताया कि यह शिविर शनिवार, 08 अगस्त को अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन, सौंसर में आयोजित होगा। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह शिविर डॉ. ममतानी दंपती के 'घर-घर में आयुर्वेद' अभियान का 304वां पड़ाव है। शिविर में गठिया, लकवा, स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क, डायबिटीज़, हृदय रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, माइग्रेन सहित कई गंभीर बीमारियों का परामर्श दिया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीजों के लिए आवश्यकतानुसार ब्लड शुगर टेस्ट निःशुल्क रहेगा और 'स्वास्थ्य वाटिका' पत्रिका भी मुफ्त वितरित की जाएगी। इसके अलावा, पंचकर्म या भर्ती होने आईपीडी पर 15 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी तथा औषधियां रियायती दरों पर उपलब्ध रहेंगी।

### स्वास्थ्य केंद्र लोधीखेड़ा ने जिले में हासिल किया प्रथम स्थान

**सौंसर।** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'कायाकल्प अभियान' (वर्ष 2025-26) में जिले का नाम रोशन हुआ है। मूल्यांकन के दौरान विकासखंड सौंसर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लोधीखेड़ा को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार के आदेशानुसार, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प अभियान के तहत कड़ा मूल्यांकन किया गया। जिला चिकित्सालय सिवनी से आई असेसर श्रीमती साधना बघेल ने स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता, उपकरणों की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

## 24 घंटे में मूल स्कूल लौटने के निर्देश, लेकिन छिंदवाड़ा में अब भी कई शिक्षक कार्यालयों में तैनात होने की चर्चा

# अटैचमेंट खत्म करने का शासन का सख्त आदेश, फिर भी दफ्तरों में जमे शिक्षक!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के उद्देश्य से शिक्षकों की अटैचमेंट व्यवस्था समाप्त करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव संजय गोयल ने 13 जुलाई को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि 24 घंटे के भीतर कार्यालयों, परियोजना कार्यालयों तथा अन्य शासकीय संस्थानों में अटैच किए गए शिक्षकों को उनकी मूल पदस्थापना वाले विद्यालयों में वापस भेजा जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि शासन इस पूरी प्रक्रिया की लगातार निगरानी कर रहा है और निर्देशों का पालन नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

प्रमुख सचिव का यह आदेश ऐसे समय आया है, जब प्रदेश के अनेक जिलों में बड़ी संख्या में शिक्षक वर्षों से स्कूलों के बजाय विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत हैं। इससे एक ओर कार्यालयों में शिक्षकों से बाबूगिरी कराई जा रही है, तो दूसरी ओर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालय शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। शासन का मानना है कि यदि सभी शिक्षक अपने मूल विद्यालयों में लौटेंगे तो पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार आएगा और विद्यार्थियों को नियमित अध्यापन का लाभ मिलेगा।



छिंदवाड़ा जिले में भी इस आदेश के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि वर्षों से चली आ रही अटैचमेंट व्यवस्था पर पूरी तरह विराम लगेगा। शुरुआती स्तर पर कुछ शिक्षकों को उनके मूल विद्यालयों में वापस भेजे जाने की जानकारी सामने आई, लेकिन विभागीय सूत्रों की मानें तो कई ऐसे शिक्षक आज भी विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत हैं, जो लंबे समय से शैक्षणिक कार्य छोड़कर कार्यालयीन जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या शासन के आदेश का पालन पूरी गंभीरता से किया गया है या केवल औपचारिकता निभाई गई है। शिक्षा विभाग लंबे समय से इस बात को स्वीकार करता रहा है कि जिले के अनेक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है। कई स्कूलों में एक या दो शिक्षक ही पूरे विद्यालय की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जबकि कहीं-कहीं अतिथि शिक्षकों के भरोसे पढ़ाई चल रही है। ऐसे में यदि नियमित शिक्षक कार्यालयों में ही बने रहें तो सबसे अधिक नुकसान विद्यार्थियों का होता है। विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के स्कूलों में इसका असर अधिक दिखाई देता है।

### विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पढ़ रहा असर

शासन का तर्क है कि अटैचमेंट की संस्कृति ने शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया है। कई शिक्षक वर्षों तक कार्यालयों में बने रहते हैं, जबकि उनके स्थान पर स्कूलों में रिक्तियां बनी रहती हैं। इससे न केवल विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि शिक्षकों के बीच भी असंतोष की स्थिति बनती है। जो शिक्षक नियमित रूप से स्कूलों में पढ़ा रहे हैं, उनके सामने अतिरिक्त कार्यभार की समस्या भी खड़ी हो जाती है। छिंदवाड़ा में भी यह चर्चा का विषय है कि कुछ प्रभावशाली शिक्षक अब भी विभिन्न कार्यालयों में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। यदि ऐसा है तो शासन के निर्देशों की मंशा अधूरी रह जाएगी। आदेश का उद्देश्य केवल कुछ शिक्षकों को वापस भेजना नहीं, बल्कि पूरी अटैचमेंट व्यवस्था समाप्त करना है, ताकि प्रत्येक शिक्षक अपनी मूल जिम्मेदारी विद्यालय में अध्यापन का निर्वहन करे।

### शिक्षकों को स्कूल पहुंचाना बनी चुनौती

जिले में हाल ही में पदभार संभालने वाले जिला शिक्षा अधिकारी के सामने यह एक बड़ी प्रशासनिक चुनौती है। उनसे अपेक्षा की जा रही है कि वे शासन के निर्देशों का निष्पक्ष और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। यदि सभी अटैचमेंट की वस्तुस्थिति की समीक्षा कर वास्तविक रूप से शिक्षकों को विद्यालयों में भेजा जाता है तो इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों और शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या छिंदवाड़ा में भी शासन के आदेश का अक्षरशः पालन होगा या फिर वर्षों से चली आ रही अटैचमेंट की परंपरा प्रभाव और पहुंच के कारण आगे भी जारी रहेगी। आने वाले दिनों में जिला शिक्षा विभाग की कार्रवाई इस प्रश्न का उत्तर देगी। फिलहाल शिक्षा जगत और अभिभावकों की नजर इस बात पर टिकी है कि स्कूलों में शिक्षकों की वास्तविक वापसी कब तक सुनिश्चित होती है।

## इधर भी रखे नजर, हटके है खबर...

### हड़ताल या 'हिसाब-किताब' का खेल? कलम बंद का दावा, काम चालू...!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पटवारियों की हालिया कलमबंद हड़ताल ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार को हड़ताल समाप्त होने के बाद जो तस्वीरें और चर्चाएं सामने आईं, उन्होंने आंदोलन की गंभीरता पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया। तहसील कार्यालय में पटवारी संघ की अध्यक्ष हड़ताल के दौरान कार्यालय में बैठकर काम करती नजर आईं, वहीं कई अन्य पटवारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में राजस्व संबंधी कार्य करते देखे गए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब काम बंद ही नहीं था, तो फिर हड़ताल किस बात की थी।




हड़ताल का उद्देश्य सरकार तक अपनी मांगों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना होता है, लेकिन यहां कार्यालयों में फाइलें भी चलीं और फील्ड में काम भी जारी रहा। जिले में यह भी चर्चा है कि कई पटवारी निजी कार्यालयों से लोगों के काम करते रहे। यदि कर्मचारी पूरी तरह हड़ताल पर थे तो यह काम कैसे चलता रहा। राजस्व विभाग में पटवारी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। आम धारणा है कि जमीन से जुड़े अधिकांश कार्यों में उनकी रोजाना व्यस्तता रहती है।

ऐसे में लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या दैनिक आय प्रभावित न हो, इसलिए हड़ताल केवल औपचारिकता बनकर रह गई?

यदि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करना था तो पूरी ईमानदारी से काम बंद होना चाहिए था। और यदि जनता के हित में काम जारी रखना था तो फिर हड़ताल की आवश्यकता क्या थी। यही दोहरा रवैया अब चर्चा का विषय बना हुआ है। जिला प्रशासन और राजस्व विभाग को इस पूरे घटनाक्रम पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि यह साफ हो सके कि हड़ताल वास्तव में थी या केवल औपचारिकता।

## मोदी सरकार में रेलवे स्टेशनों ने लिया एयरपोर्ट का रूप : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में आज देश के रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट का रूप ले रहे है और एयरपोर्ट विश्व स्तरीय में तब्दील हो रहे है। कांग्रेस के शासनकाल में देश के रेलवे स्टेशन बदहाल स्थिति में पड़े हुए थे। मोदी सरकार ने देश के रेलवे स्टेशनों का चहुमुखी विकास किया है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने जुन्नारदेव और छिन्दवाड़ा में पुर्नविकसित रेलवे स्टेशनों के उद्घाटन अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

सांसद बंटी विवेक साहू ने जुन्नारदेव और छिन्दवाड़ा के रेलवे स्टेशनों को करोड़ों की लागत से पुर्नविकसित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को पूर्व राज्यपाल अनुसूईया उईके सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी संबोधित किया। मंच पर महापौर विक्रम अहके एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विजय झांझरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जुन्नारदेव और छिन्दवाड़ा सहित देश के 75 पुर्नविकसित अमृत रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के अंतर्गत वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर जुन्नारदेव और छिन्दवाड़ा में आयोजित लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन में आयोजित समारोह के दौरान रेलवे द्वारा शहर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों को सम्मानित भी किया।

## 17 वर्षीय बालिका की गई जान, उमरीकला में एलटी तार गिरने से हुआ दर्दनाक हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हर्रई

हर्रई विकासखंड के ग्राम उमरी कला में एक बेहद दुखद और हृदयविदारक हादसा सामने आया है। विद्युत विभाग की कथित लापरवाही के कारण गिरे हुए एलटी (लो टेंशन) बिजली के तार की चपेट में आने से 17 वर्षीय एक बालिका की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई।

ग्रामीणों के अनुसार, बिजली का तार जमीन पर गिरा हुआ था, लेकिन समय रहते उसे हटाने या बिजली आपूर्ति बंद करने की व्यवस्था नहीं की गई। इसी दौरान बालिका उसकी चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही और समय पर रखरखाव न होने के कारण यह दुखद हादसा हुआ। लोगों ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने, मृतक के परिजनों को उचित आर्थिक सहायता देने तथा क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइनों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

यह घटना एक बार फिर विद्युत सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। यदि समय रहते गिरे हुए तार को हटाया जाता या बिजली आपूर्ति बंद की जाती, तो शायद एक मासूम की जान बचाई जा सकती थी।

## फरार शराब तस्कर प्रांजल उर्फ छोटू जैन गिरफ्तार, न्यायालय से भेजा गया जेल



**चौरई।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी प्रांजल जैन उर्फ छोटू जैन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल छिंदवाड़ा भेज दिया गया। कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन, अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन तथा चौरई आबकारी प्रभारी के नेतृत्व में की गई।आबकारी विभाग के अनुसार, 28 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर कपुरदा चौकी क्षेत्र में छापेमारी के दौरान आरोपी प्रिंस जैन के कब्जे से करीब 100 लीटर से अधिक अवैध शराब (कीमत लगभग 1 लाख रुपये) तथा 10 लाख रुपये मूल्य की लक्जरी कार जब्त की गई थी। कार्रवाई के दौरान प्रांजल उर्फ छोटू जैन अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। लगातार तलाश के बाद 16 जुलाई को उसे चौरई से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज है।

# शोले का वीरू रिटर्न, रूठी अंजली को मनाने मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

## लिखित गारंटी के बाद हुआ हैप्पी एंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कहते हैं प्यार में लोग चांद-तारे तोड़ लाते हैं, लेकिन पांढुर्णा के इस मजनू ने अपनी रूठी लैला को मनाने के लिए सीधे बीएसएनएल के मोबाइल टावर पर ही चढ़ाई कर दी। जी हां, फिल्म शोले का वो मशहूर सीन तो आपको याद ही होगा, जहां वीरू मौसी को मनाने के लिए पानी की टंकी पर चढ़ जाता है। ठीक वैसा ही हाई-वोल्टेज ड्रामा आज सुबह पांढुर्णा में लाइव देखने को मिला, जिसने पूरे प्रशासनिक अमले के पसीने छुड़ा दिए।

अभी कुछ ही दिन पहले तीन शेर चौक पर पश्चिम बंगाल के एक सिरफिरे युवक के टावर पर चढ़ने का मामला शांत भी नहीं हुआ था



कि, आज 18 जुलाई की सुबह एक बार फिर सनसनी फैल गई। सावजपानी निवासी विजय पिता बाबूराव तुमडाम आयु 23 तड़के अपने घर से निकला और सीधे पांढुर्णा के मोबाइल टावर के शिखर पर जा बैठा। जैसे ही लोगों ने एक युवक को इतनी ऊंचाई पर देखा, मौके पर दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। मानो कोई लाइव फिल्म की शूटिंग चल रही हो।

### 2 महीने की जुदाई, और दिलवाले का अल्टीमेटम

दरअसल, इस पत्नी-प्रेमी विजय की शादी बीते 10 मई को अंजली से हुई थी। लेकिन शादी के कुछ ही दिन बाद दोनों में अनबन हो गई और अंजली मायके चली गई। विजय ने कई बार पैगाम भेजा, लेकिन अंजली लौटने को तैयार नहीं थी। बस, फिर क्या था ? जुदाई के दो महीनों का दर्द गुस्से में बदल गया। टावर पर चढ़कर विजय ने सीधे प्रशासन को खुली चुनौती दे दी "जब तक पत्नी घर लौटने का लिखित आश्वासन नहीं देगी, मैं नीचे नहीं उतरूंगा"

### मौके पर दौड़ी सिंघम ब्रिगेड, खोज कर लाई अंजली को

मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी मनोकामना प्रसाद, एसडीएम अलका एक्का, थाना प्रभारी अमित दानी और नायब तहसीलदार मोहित गणवीर दल-बल पके साथ मौके पर पहुंचे। विजय की जिद के आगे प्रशासन को भी झुकना पड़ा। आनन-फानन में पुलिस की एक स्पेशल टीम फिल्म सिंघम के स्टाइल में ग्राम मांगुरली के लिए रवाना हुई और विजय की पत्नी अंजली को लेकर मौके पर पहुंची। नीचे खड़े माता-पिता, बहन और अधिकारियों ने हाथ जोड़कर विजय से नीचे आने की मिन्नतें कीं। अंजली ने नीचे से आवाज भी लगाई कि मैं साथ चलने को तैयार हूं, लेकिन विजय भी पक्का खिलाड़ी निकला उसने कहा कि, "मौखिक बातों पर भरोसा नहीं, मुझे लिखित गारंटी चाहिए।

### कागज़ पर दस्तखत, और फिर हैप्पी एंडिंग

आखिरकार, इस रीयल-लाइफ ड्रामे का क्लाइमेक्स तब आया जब पत्नी अंजली ने हार मानकर प्रशासन के सामने एक पत्र लिखा, जिसमें उसने राजी-खुशी ससुराल लौटने का वादा किया। जैसे ही यह लिखित आश्वासन विजय तक पहुंचा, उसका गुस्सा शांत हुआ और वह धीरे-धीरे टावर से नीचे उतर आया। विजय के नीचे उतरते ही प्रशासन और परिजनों ने राहत की सांस ली। पांढुर्णा में सुबह से चल रहा यह फिल्मी तमाशा आखिरकार एक सुखद मोड़ के साथ खत्म हुआ। अब इलाके में इस अनोखे प्रेमी की खूब चर्चा हो रही है।

## युवक की मौत के बाद 4 वर्षीय बच्चे ने तोडा दम

**पांढुर्णा।** कल 17 जुलाई शाम को साढे चार बजे नागपुर रोड पर शंकरनगर स्थित शिव मंदिर के सामने एक टैंकर और बाइक की जोरदार टक्कर में विजय कपले नामक युवक की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई थी। इस दुर्घटना में बाइक सवार विजय कपले के सिर से टैंकर का चक्का गुजर गया जिसमें विजय की मौत हो गई। बाइक पर विजय के साथ एक 4 वर्ष का बच्चा भी था जिसे नागपुर ले जाते समय उसने भी दम तोड दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पॉप क्लब के कर्मचारी उमाशंकर के चार वर्षीय बेटे को स्कूल से लेकर विजय कपले निवासी महावीर वार्ड बाइक से लौट रहा था। इस दौरान शंकरनगर स्थित शिवमंदिर के सामने मेन रोड पार करते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस ने देर रात सीसीटीवी फूटेज के आधार पर दुर्घटना के बाद फरार हुए टैंकर को बरामद कर लिया है।

## नाले की शासकीय भूमि पर भंडार गृह निर्माण की कोशिश से विवाद

### राजस्व विभाग ने लगाई रोक, प्रशासन से निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



ग्राम पंचायत झूर्रे में बचत बैंक के प्रस्तावित भंडार गृह निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है । आरोप है , कि कुछ जनप्रतिनिधि शासकीय नाले की भूमि पर भंडार गृह का निर्माण कराने का प्रयास कर रहे हैं , जबकि स्थानीय ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है , कि जिस स्थान पर निर्माण की तैयारी की जा रही है, वह शासकीय नाले की भूमि है । ऐसे स्थान पर निर्माण होने से बरसात के दौरान जल निकासी बाधित हो सकती है और भविष्य में बाढ़ जैसी स्थिति बनने के साथ जनहानि की आशंका भी बढ़ सकती है ।

ग्रामीणों ने प्रशासन से नाले की भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं कराने की मांग की है। मामले की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। राजस्व अधिकारियों के अनुसार , प्रस्तावित भंडार गृह के लिए अभी तक किसी वैकल्पिक शासकीय भूमि का विधिवत आबंटन नहीं हुआ है । जब तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार भूमि आबंटित नहीं की जाती , तब तक किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा ।राजस्व अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासकीय नाले की भूमि पर नया निर्माण करना उचित नहीं है , क्योंकि वर्षा ऋतु में ऐसे क्षेत्रों में जल निकासी प्रभावित होने से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है । इसी कारण फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई है । इधर ग्रामीणों का कहना है , कि गांव में अन्य शासकीय भूमि उपलब्ध होने के बावजूद नाले की भूमि पर ही निर्माण कराने का प्रयास समझ से परे है । उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमों के अनुरूप उपयुक्त स्थान का चयन करने और सार्वजनिक हित को प्राथमिकता देने की मांग की है ।

## आदर्श ग्राम तूमड़ी में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप!

### 14 बिंदुओं की शिकायत सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत तूमड़ी में कथित अनियमितताओं और विकास कार्यों में गड़बड़ियों को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया को 14 सूत्रीय शिकायत पत्र सौंपकर उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में पंचायत के सरपंच, सचिव तथा अन्य संबंधित कर्मचारियों पर वित्तीय अनियमितता और योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में नियमित मासिक बैठकें नहीं होतीं और पंचों व ग्रामीणों को आय-व्यय तथा पांचवें एवं 15वें वित्त आयोग की राशि से हुए कार्यों की जानकारी नहीं दी जाती। शिकायत में यह भी कहा गया है कि करीब 4.30 लाख रुपये की लागत से एलईडी स्ट्रीट लाइट का भुगतान होने के बावजूद गांव में लाइटें नहीं लगीं। मनरेगा के तहत खेत तालाब, कपिलधारा कूप, मवेशी शेड और सीसी रोड निर्माण में भी कागजों पर कार्य दिखाकर भुगतान किए जाने तथा फर्जी मस्टर रोल, हितग्राहियों से राशि वसूली और उपयंत्री द्वारा बिना स्थल निरीक्षण मूल्यांकन करने के आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके। पंचायत की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है।

## बीएमओ डॉ. भुवनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस-राजस्व की संयुक्त कार्रवाई

# झोलाछाप बंगाली डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग का एक्शन, दो अवैध क्लिनिक सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



लंबे समय से अवैध रूप से संचालित झोलाछाप एवं कथित बंगाली डॉक्टरों के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद शुक्रवार को तामिया में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अवैध क्लिनिक सील कर दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तामिया के बीएमओ डॉ. भुवनेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम तामिया, बिजोरी और पांडुपिपरिया में छापामार कार्रवाई कर बिना वैध अनुमति संचालित क्लिनिकों की जांच की।

कार्रवाई के दौरान बिजोरी-पांडुपिपरिया क्षेत्र में अवैध रूप से क्लिनिक संचालित कर रहे कथित बंगाली डॉक्टर निर्मल राय तथा तामिया में क्लिनिक चला रहे महानंद बागची के क्लिनिक सील कर दिए गए। इसके अलावा अन्य संदिग्ध क्लिनिक संचालकों को भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ समय से प्रिंट मीडिया में क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा बिना पंजीकरण मरीजों का इलाज किए जाने और लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किए जाने की खबरें लगातार सामने आ रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए बीएमओ डॉ. भुवनेश कुमार ने संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। छापे के दौरान कई क्लिनिकों के संचालन से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई तथा संदिग्ध मामलों में तत्काल संचालन बंद कराया गया। संयुक्त कार्रवाई में तामिया के नायब तहसीलदार आशुतोष रामटेके, थाना प्रभारी आशीष जैतवार, स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम सुशील कुमार सूर्यवंशी, बीसीपीएम ज्ञानदास मिनोटे, धीरज डोंगरे, लेखाराम उइके और विजय नरवरे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बिना पंजीकरण या वैध चिकित्सकीय योग्यता के मरीजों का उपचार करना कानून का उल्लंघन है और इससे आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ सकती है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों के विरुद्ध जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई के बाद तामिया क्षेत्र में बिना अनुमति क्लिनिक संचालित करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए मांग की है कि ऐसे अवैध चिकित्सकों के खिलाफ नियमित अभियान चलाकर ग्रामीणों की जान से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन में हुआ वर्चुअल लोकार्पण

## सांसद विवेक बंटी साहू ने किया रेल परिसर का निरीक्षण, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव क्षेत्र के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि और जुड़ गई ही है जहां पर शुक्रवार 17 जुलाई को स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सांसद माननीय विवेक बंटी साहू ने अपने व्यस्ततम समय को निकाल कर जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर अपने संदेश से माननीय प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समूचे जन समूह को बधाई प्रेषित कर नगर वासियों को शुभकामना दी इसके पूर्व रेलवे विभाग द्वारा समूचे रेलवे स्टेशन परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया साथ ही रेलवे स्टेशन परिसर पर






भव्य तिरंगा अपने आप में देशभक्ति की छटा बिखेरता हुआ दिखाई दिया।

देशभर में 75 अमृत भारत योजना अन्तर्गत नवनिर्मित एवं पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का लोकार्पण शुक्रवार को संपन्न हुआ है, इसमें जुन्नारदेव का नाम होना अपने आप में क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुनील उईके, भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता बोसम, दमुआ नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर, पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद नगर पालिका परिषद अपील समिति सदस्य संजय जैन सहित रेलवे मंडल रेल प्रबंधक नागपुर विनायक गर्ग, सीनियर डीसीएम अमन मित्तल, चीफ लोको इंस्पेक्टर सुशील तिवारी, स्टेशन प्रबंधक जुन्नारदेव संजय वर्मा, वाणिज्य निरीक्षक एसके नाग, आईओडब्ल्यू मंगल यादव सहित नगर के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक सामाजिक कार्यकर्ता

### मेमो ट्रेन को बैतूल तक चलाने की विधायक ने मंच से उठाई मांग

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक सुनील उईक ने जुन्नारदेव नगर में अमृत रेलवे स्टेशन की सौगात के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया इसी के साथ उन्होंने मंच से मेमो ट्रेन को बैतूल तक चलने की क्षेत्रवासियों की मांग को लेकर आवाज उठाई। विधायक ने कहा कि यदि मेमो ट्रेन बैतूल तक जाती है तो इसका लाभ नगर सहित क्षेत्र की जनता को प्राप्त होगा। अमृत भारत अंतर्गत पुनर्विकसित जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरी, सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

## स्वच्छता अभियान का द्वितीय चरण एक साथ स्वच्छता के लिए पहुंचे सैकड़ों लोग



**जुन्नारदेव।** नगर की सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर जुन्नारदेव विशाला पहली पारी मंदिर परिसर में जन सहयोग से स्वच्छता अभियान का आयोजन शुक्रवार 17 जुलाई को सुबह 6:30 बजे किया गया था इस स्वच्छता अभियान में जुन्नारदेव सहित डूंगरिया एवं दमुआ के जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने अपनी भागीदारी दी स्वच्छता अभियान के दौरान फिजिकल अकादमी से भी बड़ी संख्या में युवक और युवतियां इस अभियान को सफल बनाने के लिए सम्मिलित हुए स्वच्छता अभियान के दौरान मंदिर परिसर में स्थित जल कुंड अविरल जलधारा स्थल एवं मंदिर परिसर के आसपास का कूड़ा करकट साफ किया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक समाज से भी संस्थान राजनीतिक दलों के राजनेता एवं नगर वासी सम्मिलित हुए।

## पदोन्नति पर किया सम्मान डॉ पूजा तिवारी बनी प्राध्यापक



**बिछुआ।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी वरिष्ठता सूची क्रम में शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सह प्राध्यापक डॉ पूजा तिवारी को प्राध्यापक पद पर पदोन्नत किया गया है इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा डॉ पूजा तिवारी का सम्मान किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. पी.यादव ने अपने उदबोधन में डॉ तिवारी के विगत बीस वर्षों में महाविद्यालय के लिए किए गए कार्यों का वर्णन करते हुए प्रशंसा की ,इस कार्यक्रम में डॉ मनीषा आमटे एवं मनीष कुमार ठाकुर ने भी उदबोधन दिया , कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मीना ठाकरे और आभार प्रदर्शन डॉ स्मिल बेलिया ने किया इस अवसर पर समस्त विभागों के फैकल्टी ने भी डॉ पूजा तिवारी का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ मनीषा आमटे, डॉ दिनेश कुमार वर्मा , डॉ अनिल अहिरवार का विशेष सहयोग रहा ,इस अवसर पर डॉ शशि उइके , डॉ नमिता चौबे, डॉ अंजू चौहान , मनीष ठाकुर ,प्रदीप भारती , रश्मि मराठा , डॉ विवेक तिवारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा । उल्लेखनीय है कि डॉ पूजा तिवारी की उच्च शिक्षा विभाग में 30 वर्ष की सेवा पूर्ण हो चुकी है इसके साथ ही डॉ तिवारी रिसर्च गाइड और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी भी है ।

## वीर मेमोरियल फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सांसद बंटी विवेक साहू को भेंट की पत्रिका

**छिन्दवाड़ा।** वीर मेमोरियल फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने अपने प्रमुख 5 उद्धदेश्यों को लेकर पत्रिका का प्रकाशन किया है। शुक्रवार को सांसद कार्यालय पहुंचे वीर मेमोरियल फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए उनके द्वारा प्रकाशित पत्रिका भेंट की। वीर मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष रविकांत अहिरवार ने बताया कि उनकी टीम द्वारा बाल स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सहायता, पर्यावरण सरंक्षण, जीव रक्षा एवं जागरूकता अभियान, शिक्षा एवं सामाजिक चेतना अभियान एवं खेल, प्रतिभा एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर पत्रिका का प्रकाशन किया गया है।

## किसानों को बड़ी राहतः विधायक शाह ने किया नगद खाद बिक्री केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हर्रई

मार्केटिंग सोसायटी नगद उर्वरक केंद्र हर्रई में शुभारंभ। किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज हर्रई में नगद खाद बिक्री केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह के कर कमलों से संपन्न हुआ।

विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव से नगद विक्रय केंद्र खोलने एवं यूरिया के साथ सुपर फास्फेट ना लेने हेतु निवेदन किया गया था जिस पर माननीय मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्यवाही कर अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को लाभ पहुंचाया।इस अवसर पर विधायक शाह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसान के हितों का ध्यान रखती है। इस केंद्र के शुरू होने से अब किसानों को खाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। नगद भुगतान पर तुरंत खाद मिलेगी, जिससे बिचौलियों की समस्या खत्म होगी। हर्रई विकासखंड में मार्केटिंग सोसायटी केंद्र का खुलना क्षेत्र के किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने में अत्यंत उपयोगी होगा। कार्यक्रम में, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हेमकरण धुर्वे आदि मौजूद रहे।

## मोक्षधाम, सड़क और चबूतरा निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जनपद परासिया की ग्राम पंचायत चरईकला के ग्रामीण यहां हो रहे मोक्षधाम , सड़क और चबूतरा निर्माण को लेकर खासी नाराजगी जताई है । लोगों का कहना है , कि जो निर्माण कार्य हो रहे हैं , उनमें काफी कमियां हैं । जहां निर्माण की ज्यादा आवश्यकता है , वहां निर्माण नहीं हो रहा है ।

बता दें , कि ग्राम पंचायत चरई कला में लाखों के निर्माण कार्य जारी हैं । यहां डेम के समीप स्तिथ मोक्षधाम की बॉउंड्री वाल और सड़क निर्माण होना है । देखने में आया है , कि बॉउंड्री वाल बनने के साथ ही गिरने की कगार में आ गई है । मोक्षधाम के बाहर सड़क बनाई जाना है , लेकिन सड़क न बनाकर फर्शीकरण किया जा रहा है । ग्रामीण रुपेश यदुवंशी , रामता यदुवंशी , दादूराम यदुवंशी , दुलारी यदुवंशी और सुशीला डेहरिया ने बताया , कि वे पंचायत के हर्रा ढाना में रहते हैं । यहां लगभग 50 परिवार निवास करते हैं । यहां कई वर्षों से मोक्षधाम बनाने की मांग की जा रही है , लेकिन मोक्षधाम नहीं बनाया गया । यहां किसी की मृत्यु पर लोगों के खेत के समीप अंतर्येष्टि की जाती है । इस ढाने में 10 वर्ष पहले सड़क बनी थी , अब टूट गई । बारिश के दिनों में बड़ी मुश्किल होती है । यहीं मंदिर में चबूतरा निर्माण हो रहा है , जिसमें भी व्यपाक लापरवाही बरती जा रही है । इस मामले में सचिव का कहना है , कि पंचायत में जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैं , नियमानुसार कराए जा रहे हैं ।

### सांसद ने 6 मरीजों को दिलाई 2 लाख 45 हजार की आर्थिक मदद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने हार्ट, कैंसर, पीलिया सहित अन्य बिमारियों से पीड़ति 6 जरूरतमंद मरीजों को 2 लाख 45 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दी है। यह आर्थिक सहायता राषि मिलने पर 6 जरूरतमंद मरीजों का नागपुर, सावनेर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से हर्राहेट निवासी श्रीमती ग्याना पति गणेश यदुवंशी को 35 हजार, छिन्दवाड़ा निवासी राजेश पिता देवराव घोघरे को 50 हजार, कुण्डालीकला निवासी श्रीमती रेखा पति गुरूप्रसाद विश्वकर्मा को 20 हजार, ग्वारा निवासी मानसी पति आशाराम परतेती को 35 हजार की राशि स्वीकृत की है। इनका इलाज छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में होगा।

## पहली ही बारिश में प्रधानमंत्री की रोड का बह गया डामर

# उकवा पोंडी मे पुरानी सीसी सड़क को रिपेयर कर दिखाया जा रहा नविनिकरण

हरिभूमि न्यूज उकवा।

जनपद पंचायत बैहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दलदला ग्राम पंचायत पोंडी एंव बिठली मे प्रधानमंत्री जनमन ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत डामर रोड सी सी सड़क एवं पुलिया का कार्य ठेकेदार मुनमुन इंफ्रा नरेंद्र उपवंशी बालाघाट के द्वारा कराया गया है । जिसमें ठेकेदार के द्वारा भारी अनियमिताएं की गई है ।

**भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्रामीण क्षेत्र की सड़के :** सड़क के पहले चरण से लेकर अब तक के निर्माण कार्य में कहीं भी गुणवत्ता नजर नहीं आ रही है । पोंडी से पोंडी बैगा टोला मे ठेकेदार के द्वारा 36.55 लाख की लागत से 0.2 किलोमीटर डामर रोड 0.4 किलोमीटर सीसी रोड एंव एक पुलिया बनाने हेतु निर्माण कार्य का बोर्ड लगाया गया है ।

**नाले की रेत और घटीया मटेरियल का उपयोग :** यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि



पुलिया में नाले की रेत लगाई गई है एवं सीमेंट की मात्रा बहुत ही कम डाली गई है डामर रोड भी घटिया सामग्री से गुणवत्ताहिन बनाई गई है और सीसी सड़क तो बनी ही नही है पुरानी सड़क को ही लीपापोती कर दिया गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत बिठली के अंतर्गत बिठली से पांडरपानी बैगा टोला लंबाई 1.95 किलोमीटर इसकी लागत एक करोड़ 5 लाख 3 हजार से बनी इस सड़क का भी बुरा हाल है इस डामर रोड में जगह-जगह दरारें आ गई है कई जगह रोड धस गई है उखड़ गई है । इन सभी सड़कों का कार्य प्रारंभ 10 अक्टूबर 2025 दर्शाया गया है इन सभी सड़कों की कार्य एजेंसी महाप्रबंधक मध्य प्रदेश ग्राम सड़क विकास प्रधि परियोजना क्रिया इकाई क्रमांक 01 बालाघाट है । ठेकेदार द्वारा बनाई गई यह सड़के पहली ही बारिश झेल नही पाई और बनते ही एक माह में धराशाई हो गई। डामरीकरण सीसी रोड एवं पुल पुलिया रपटा मे की गई अनियमितताओ का खुलासा लगातार हमारे द्वारा किया जाएगा ।

इन गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा यहां से सारा सामान उठाकर लेजा लिया गया है जिससे यह लग रहा है कि ठेकेदार का कार्य यहां पूर्ण हो चुका है इसलिए ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों की मिली भगत होने का शक जताते हुए उच्च अधिकारी एवं शासन प्रशासन से मांग की है कि इस रोड की जांच कराई जाए ताकि इस रोड की सच्चाई सबके सामने आए और ठेकेदार एवं इस भ्रष्टाचार में शामिल सभी कर्मचारी अधिकारीयो के ऊपर कारवाई कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाए ।

### इनका कहना है

सीसी सड़क का कार्य अभी नहीं किया गया है डामर रोड पर मिट्टी नहीं अच्छी क्वालिटी के मुरुम डाली गई है और मैंने जितनी पुलिया बनी है उतनी ही पुलिया का मूल्यांकन किया है ।

**वर्षा बिसेन, सब इंजीनियर बैहर**

# बुजुर्ग-निराश्रितों के घर का चूल्हा डगमगाया : पेंशन नहीं मिलने से चार महीने से खाते खाली दवा-रोटी दोनों पर संकट

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का आधार माने जाने वाली वृद्धावस्था पेंशन और निराश्रित पेंशन अप्रैल 2026 से ही ठप पड़ी है। बालाघाट जिले में हजारों पेंशनधारी इस आस में हर महीने बैंक और कियोस्क के चक्कर काट रहे हैं कि शायद इस बार 600 रुपये आ जाएं। लेकिन अप्रैल, मई, जून के बाद जुलाई का पखवाड़ा भी बीत गया। खाते में अब तक एक रुपया नहीं आया। नतीजा साफ है। जिन बुजुर्गों और निराश्रित महिलाओं के लिए यह 600 रुपये की राशि ही रोटी, दवा और इज्जत का सहारा थे, उनके घरों में चूल्हा आधा जल रहा है। कर्ज बढ़ रहा है। बीमारियां बढ़ रही हैं। और सरकार के वादों पर से भरोसा टूट रहा है। जिले की कटंगी, वारासिवनी, बैहर, लांजी, परसवाड़ा सहित सभी तहसीलों से पेंशनर्स की एक ही शिकायत आ रही है कि उन्हें अब तक पेंशन नहीं मिली है। 60 साल की उम्र पार कर चुके लोगों के लिए अब मजदूरी करना संभव नहीं। अगर गांव में काम मिले भी तो 200-250 रुपये रोज और वह भी रोज नहीं। ऐसे में महीने की पहली से दस तारीख के बीच आने वाली पेंशन ही उनके जीवन की धुरी थी।

कटंगी की के भरत लाल दर्द शब्दों में नहीं समा रहा। वह कहते हैं पहले 10 तारीख 600 रुपये आ जाते थे। उसी से महीने भर की दाल, नमक, तेल और दवाई आ जाती थी। इस बार अप्रैल, मई, जून तीनों महीने निकल गए। जुलाई की 15 तारीख भी निकल गई। खाते में एक रुपया नहीं आया। भरत लाल, सुखराम, खुशालचंद बावने जैसी हजारों कहानियां जिले में हैं। जिन महिलाओं का कोई नहीं है यानी जो निराश्रित वर्ग की महिलाएं है उनके लिए स्थिति और ज्यादा गंभीर है। पति के न रहने पर इन महिलाओं के पास आय का कोई दूसरा जरिया नहीं बचता। 600 रुपये से ही वे गैस, किराना, बच्चों की फीस और दवा का इंतजाम करती थीं। उनके सामने दोहरी मार है। एक तरफ घर चलाने की चिंता, दूसरी तरफ समाज में अकेले रहने का डर। कई महिलाओं ने बताया कि वह लोगों के घरों में काम मांग रही हैं, लेकिन उम्र और स्वास्थ्य इसकी इजाजत नहीं देता। बता दें कि 60 की उम्र के बाद शरीर जवाब दे देता है। जोड़ों का दर्द, शुगर, बीपी जैसी बीमारियां आम हो जाती हैं। जिसकी जांच और दवा के लिए पैसा चाहिए। पेंशन न मिलने से अब बुजुर्ग या तो दवा छोड़ रहे हैं या आधे पत्ते खाकर दिन काट रहे हैं।

अस्पताल के आंकड़ों पर नजर डाले तो पिछले तीन महीनों में बीपी और शुगर के मरीजों के अस्पताल आने की संख्या बढ़ी है। कारण एक ही है। नियमित दवा नहीं मिल पा रही। एक बुजुर्ग के लिए 600 रुपये की पेंशन न आना मतलब महीने भर की दवा का खर्च रुक जाना होता है। पेंशन से कई घरों में महीने भर का राशन आता था। अब राशन के लिए पड़ोसी, रिश्तेदार और कभी-कभी पंचायत के सामने हाथ फैलाना पड़ रहा है। इससे बुजुर्गों में हीन भावना और मानसिक तनाव बढ़ा है। कई लोग खुलकर कहते हैं कि अब हम बोझ बन गए हैं। जब आमदनी बंद हुई तो खर्च कैसे चले। मजबूरी में लोगों ने महाजनों से उधार लेना शुरू किया। 10 से 15 प्रतिशत मासिक ब्याज पर मिला कर्ज अब गले की फांस बन गया है। एक बार कर्ज का चक्र शुरू हुआ तो निकलना मुश्किल है।

इस पूरे मामले को लेकर पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता बोधसिंह भगत ने राज्य सरकार पर सीधा हमला किया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार दिवालिया हो गई है। हर क्षेत्र में सरकार विफल हो रही है। आज बहुत से विभागों के कर्मचारियों को तनख्वाह और पेंशन नहीं मिल रही। सरकार ने वृद्ध और निराश्रितों के लिए योजना शुरू की थी, किंतु आज उनके सामने जीवन जीने का संकट खड़ा हो गया है। जो व्यवस्था नहीं संभाल पा रही, उन्हें सत्ता छोड़ देनी चाहिए।

# 15 वर्षीय छात्रा ने कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

खैरलांजी पुलिस थाना क्षेत्र के एक ग्राम आरम्भा में शुक्रवार दोपहर 15 वर्षीय छात्रा द्वारा घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का दर्दनाक मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शिवानी मोती लाल ठाकरे कक्षा 11 वीं भेंडारा स्कूल में पढ़ती थी। सूचना मिलते ही खैरलांजी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे की है। उस समय छात्रा घर पर अपनी दादी के साथ थी, जबकि उसकी मां और बहन खेत में परहा (परा) लगाने गई हुई थीं। छात्रा के पिता रोजगार के सिलसिले में रायपुर में कार्यरत हैं। बताया जाता है



कि दादी घर में थीं और इसी दौरान घर में रखा मोबाइल फोन बजने लगा। मोबाइल उठाने के लिए जब वे कमरे की ओर गईं, तो छात्रा को फांसी के फंदे पर लटका देखकर उनके होश उड़ गए।दादी ने तत्काल शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया और खेत में काम कर रही छात्रा की मां को घटना की सूचना दी। कुछ ही देर में परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। छात्रा को नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही खैरलांजी पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक आत्महत्या के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है और हर कोई इतनी कम उम्र में छात्रा द्वारा उठाए गए इस कदम को लेकर स्तब्ध है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## परकाम्य लिखत अधिनियम धारा-138 चेक बाउंस की विशेष लोक अदालत का आयोजन आज

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा -निर्देशानुसार परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 यानी चेक बाउंस के लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के लिये 18 जुलाई शनिवार को वारासिवनी न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य धारा 138 चेक बाउंस के अंतर्गत पंजीकृत प्रकरणों का निराकरण करना है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण एवं सचिव/न्यायाधीश श्री सतीश शर्मा के निर्देशन में धारा-138 की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी की अध्यक्ष एवं न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी भी नागरिक के चेक बाउंस के राजीनामा योग्य मामले न्यायालय में लंबित हैं, तो वे इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं और न्यायालय में 18 जुलाई को उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण करवाएं। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने पर दोनों पक्षों के मध्य सौहार्द्रता बनी रहती है एवं समय व धन की बचत होकर कोर्ट फीस की वापसी होती है। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के कार्यालय से संपर्क करें।

# कोपे के जंगल में हुई युवक की हत्यारो का खुलासा कर सकती है पुलिस

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पुलिस थाना वारासिवनी अंतर्गत ग्राम डोंगरिया निवासी राजेंद्र शरणागत की हत्या के मामले में वारासिवनी पुलिस के हाथ हत्यारों के गिरहबान तक पहुंचने की चर्चा जोरों पर है। चर्चा है कि इस संबंध में पुलिस ने 2 लोगों को पूछताछ के लिए लाया है, जिसमें मृतक का ससुर भी शामिल है। पूरा मामला संपत्ति का बताया जा रहा है।



विदित हो कि 14 जुलाई की सुबह ग्रामीणों को ग्राम पंचायत कोपे के जंगल में ग्राम डोंगरिया निवासी 40 वर्षीय राजेंद्र शरणागत का शव पड़ा हुआ दिखा था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच के मामले की जांच प्रारंभ की थी । घटना स्थल पर शव के पास से पुलिस को शराब व पानी की खाली बोतले और कुछ मास की हड्डियां बरामद हुई थी। वहीं मृतक के गले में कपड़े के धागा की रेशे और काला निशान दिखाई देने पर हत्या की आशंका जताई थी। जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार वारासिवनी पुलिस ने शक के आधार पर दो लोगों को पूछताछ के लिए लाया था।जिसमें मृतक का ससुर भी शामिल है।

सूत्रों के अनुसार पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जंगल में युवक की हत्या करना स्वीकार किया है और पुलिस ने उनके पास से हत्या में प्रयुक्त सामान भी बरामद कर लिया है। लेकिन अभी तक पुलिस ने स्वयं इस मामले का खुलासा नहीं किया है। इस हत्याकांड को लेकर एक बात जो सामने आ रही है, उसके अनुसार मृतक राजेंद्र शरणागत ने कुछ दिनों पूर्व ग्राम डोंगरिया की अपनी जमीन लगभग 40-45 लाख रूपये में बेची थी। वहीं मुख्य मार्ग पर उसकी अभी भी लगभग 4 एकड़ जमीन है। वहीं पति - पत्नी के बीच भी विवाद की स्थिति बनी रहती थी। मृतक की हत्या के 3-4 दिन पहले से ही उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी और जिस दिन वह लापता हुआ था, उसी दिन वह वापस लौटी थी और दूसरे दिन जंगल में उसके पति राजेंद्र का शव मिला था।

आशंका व्यक्त की जा रही है कि संपत्ति के चक्कर में ही राजेंद्र की हत्या की गई होगी। फिलहाल पुलिस इस मामले का पर्दाफाश कब तक करती है? इस पर सबकी निगाहें लगी हुई हैं। इस मामले में थाना प्रभारी अनूप कुमार उईके ने बताया कि 2 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए लाया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। मामले का शीघ्र खुलासा होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय कुरई में विज्ञान अन्वेषण दिवस का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय महाविद्यालय कुरई में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विज्ञान अन्वेषण दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ प्रभारी एवं टी.पी.ओ. सुश्री अग्रता स्वामी ने की। सुश्री अग्रता स्वामी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, जिज्ञासा विकसित करने तथा अनुसंधान की भावना को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच समाज और राष्ट्र के विकास का महत्वपूर्ण आधार है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र कटरे, सहायक प्राध्यापक (भूगोल विभाग) ने विज्ञान अन्वेषण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान की उपयोगिता, वैज्ञानिक सोच तथा नवाचार की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने रथ यात्रा पर किया पुष्प वर्षा, लिया आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने भव्य रथ यात्रा पर पुष्प वर्षा किया। आज सिवनी नगर के सुभाष वार्ड स्थित जगन्नाथ मंदिर से प्रतिवर्ष अनुसार निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ जी की पवित्र भव्य रथ यात्रा में भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता किया। तथा भगवान जगन्नाथ जी, सुभद्रा जी एवं बलभद्र जी की पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। और रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके साथ ही आपने क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामनाएं किया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने रथ यात्रा मार्ग पर उपस्थित सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा किया। इस भव्य धार्मिक आयोजन मे बड़ी संख्या मे धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं, माताएं-बहनें और नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

### कन्या महाविद्यालय,में छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश जिला पुलिस बल, सिवनी द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी में छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु एक प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

# वर्षों से प्रभार पर चल रही एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरई

### परियोजना अधिकारी का पद रिक्त, पर्यवेक्षक संभाल रहे जिम्मेदारी; बरसात में आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाल स्थिति भी बनी चिंता

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



विकासखंड कुरई स्थित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना में परियोजना अधिकारी का पद पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से भरा नहीं जा सका है। परिणामस्वरूप विभाग का संचालन लगातार प्रशासकीय प्रभार के माध्यम से किया जा रहा है। वर्तमान में पर्यवेक्षक नेहा ठाकुर को परियोजना अधिकारी का प्रशासकीय प्रभार सौंपा गया है। सूत्रों के अनुसार, नियमित परियोजना अधिकारी नहीं होने से कई प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं बरसात के मौसम में कई आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि अनेक केंद्रों की छतों से पानी टपक रहा है, जिससे बच्चों और कार्यकर्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि लंबे समय से नियमित परियोजना अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण विभाग का संचालन प्रभार के भरोसे ही किया जा रहा है। इससे व्यवस्थाओं में सुधार और आवश्यक निर्णयों में भी विलंब की स्थिति बन रही है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर ने बताया कि परियोजना अधिकारी का पद पिछले कई वर्षों से प्रशासकीय प्रभार पर संचालित हो रहा है। आने वाले समय में नियमित परियोजना अधिकारी की पदस्थापना होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नियमित अधिकारी की नियुक्ति होने के बाद वर्तमान में आ रही समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा सकेगी।

# शिवानी ताराम बनीं सहकारिता विभाग सिवनी की नई अंकेक्षण अधिकारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता विभाग द्वारा प्रशासनिक सेवा में एक महत्वपूर्ण पदोन्नति की गई है। इसके तहत सहकारिता जिला सिवनी में पदस्थ वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्रीमती शिवानी ताराम को पदोन्नत कर अंकेक्षण अधिकारी बनाया गया है। पदोन्नति आदेश जारी होने के तुरंत बाद उन्होंने 14 जुलाई 2026 (पूर्वाह्न) को उन्होंने नए पद का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। मंत्रालय के आदेश पर हुई पदोन्नति प्राप्त जानकारी के अनुसार, म.प्र. शासन, सहकारिता विभाग, मंत्रालय (भोपाल) द्वारा जारी आदेश दिनांक



14 जुलाई 2026 के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। इस आदेश के सरल क्रमांक 53 पर श्रीमती शिवानी ताराम को वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक के पद से अंकेक्षण अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### वर्तमान कार्यालय में ही संभाला कार्यभार

शासन के निर्देशों और आदेश की कंडिका 4 के अनुसार, नवीन पदस्थापना आदेश जारी होने तक पदोन्नत शासकीय सेवक को वर्तमान कार्यालय में ही उच्च पद का कार्यभार ग्रहण करना था। इसी निर्देश के तहत श्रीमती शिवानी ताराम ने आज सहकारिता जिला सिवनी के उपायुक्त को पत्र सौंपकर विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण करने की सूचना दी है।

# वर्षाकाल में पेयजल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन का अभियान तेज

### डायरिया रोकथाम के लिए पीएचई विभाग सक्रिय

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

वर्षाकाल के दौरान जलजनित बीमारियों की रोकथाम और आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में डायरिया रोको अभियानके तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन किया जा रहा है।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार तथा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मनोज कुमार बघेल के मार्गदर्शन में विभागीय अमले द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्थित हैंडपंप, कुएं, बोरवेल एवं अन्य पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीन दवा का नियमित छिडक़ाव किया जा रहा है।

कार्यपालन यंत्री श्री बघेल ने बताया कि वर्षाकाल में वर्षा का पानी पेयजल स्त्रोतों को दूषित कर सकता है, जिससे डायरिया, हैजा, टाइफाइड सहित अन्य जलजनित रोग फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी विकासखंडों के ग्रामों में विशेष अभियान चलाकर पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विभागीय दल केवल क्लोरीनेशन ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग, पानी को सुरक्षित रखने, उबालकर अथवा शुद्ध करके पीने तथा जलजनित रोगों से बचाव संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में भी जागरूक कर रहे हैं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वर्षाकाल के दौरान स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का ही उपयोग करें तथा किसी भी पेयजल स्त्रोत में गंदगी या दूषित पानी दिखाई देने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचना दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर एवं ड्रोन पायलट भर्ती शिविर 17 से 22 जुलाई तक

### बेरोजगार युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्यप्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से जीडीएक्स ग्रुप, ग्रेटर नोएडा द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं ड्रोन पायलट पदों के लिए भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। भारत सरकार के पसारा एक्ट-2005 के तहत आयोजित इन शिविरों के माध्यम से जिले सहित अन्य जिलों के पात्र युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।

भर्ती शिविर का आयोजन 17 जुलाई 2026 को आजीविका मिशन कार्यालय घंसौर, 20 जुलाई को आजीविका मिशन कार्यालय धनोरा, 21 जुलाई को आजीविका मिशन कार्यालय कुरई तथा 22 जुलाई 2026 को आजीविका मिशन कार्यालय सिवनी में किया जाएगा। सभी शिविर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित होंगे।

भर्ती अभियान के तहत 100 सुरक्षा जवान, 30 सुरक्षा सुपरवाइजर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर तथा 20 ड्रोन पायलट पदों पर चयन किया जाएगा। सुरक्षा जवान के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, आयु 18 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर तथा वजन 52 से 96 किलोग्राम निर्धारित है। वहीं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए स्नातक के साथ कंप्यूटर ज्ञान, आयु 22 से 40 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर एवं वजन 55 से 96 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 10वीं अथवा उच्चतम शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ संबंधित आजीविका मिशन कार्यालय में उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती शिविर में अन्य जिलों के पात्र युवा भी भाग ले सकते हैं।

भर्ती अधिकारी दीपक राठौर ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को जीडीएक्स ग्रुप के प्रशिक्षण केंद्र, एनआईएमटी कैंपस, परीचौक मेट्रो स्टेशन, ग्रेटर नोएडा में 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा तथा मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 21,500 से 25,000 प्रतिमाह वेतन पर नियुक्ति की जाएगी। चयनित युवाओं को भविष्य निधि (पीएफ), पेंशन, जीवन बीमा, पारिवारिक मेडिकल सुविधा, वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्नति, ऋण सुविधा तथा रियायती दर पर आवास एवं भोजन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती अधिकारी के मोबाइल नंबर 9311947932 एवं 9667989993 पर संपर्क कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय मंच पर सिवनी का गौरवः दिल्ली छात्र संसद 2026 में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे दीपक डेहरिया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के युवा समाजसेवी एवं जयहिंद दीपक टीम सिवनी के संस्थापक दीपक डेहरिया (दीपक जयहिंद) का चयन प्रतिष्ठित दिल्ली छात्र संसद 2026 में यूथ पार्लियामेंट डेलीगेट के रूप में हुआ है। 19 एवं 20 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय आयोजन में वे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिल्ली छात्र संसद देशभर से चयनित युवाओं को लोकतंत्र, संविधान, सुशासन, राष्ट्रीय नीतियों और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान करती है। इस मंच पर युवा संसदीय कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त करते हुए विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर विमर्श करेंगे। दीपक डेहरिया लंबे समय से समाजसेवा और युवा जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी संस्था के माध्यम से रक्तदान, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, संविधान जागरूकता और जनसेवा जैसे अभियानों का संचालन किया जाता रहा है। उनके चयन को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है।

अपने चयन पर दीपक डेहरिया ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे सिवनी जिले और मध्यप्रदेश के युवाओं का है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे राष्ट्रीय मंच पर युवाओं की आवाज़ प्रभावी ढंग से रखेंगे तथा राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और युवा सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। दीपक डेहरिया के चयन की खबर मिलते ही जिले में खुशी का माहौल है। सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने प्रभावशाली वक्तृत्व और तार्किक सोच से राष्ट्रीय मंच पर सिवनी एवं मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

# मंडी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश सचिव को मिली पदोन्नति

### संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रयासों को दिया श्रेय

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कृषि उपज मंडी समिति बरघाट में पदस्थ मंडी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश सचिव नोबद सनोडिया को सब इंस्पेक्टर पद से पदोन्नत कर मंडी इंस्पेक्टर बनाया गया है। 35 वर्ष की सेवाएं पूर्ण करने के उपरांत मिली इस पदोन्नति पर उन्होंने संयुक्त संघर्ष मोर्चा मंडी बोर्ड भोपाल के संयोजक बी.बी. फौजदार तथा समस्त प्रांतीय पदाधिकारियों के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री सनोडिया ने बताया कि मध्य प्रदेश के मंडी कर्मचारियों को लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार था, जिसे संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सतत प्रयासों से



सफलता मिली। उन्होंने कहा कि वे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मंडी हितों को सर्वोपरि रखते हुए करेंगे। पदोन्नति पर कृषि उपज मंडी समिति अमरवाड़ा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ मंडी सचिव आर.एस. गुमास्ता, करेली मंडी सचिव ए.के. मुदगल, कटंगी मंडी सचिव संत कुमार डेहरिया, तेंदूखेड़ा के मंडी इंस्पेक्टर विनोद अग्रवाल सहित जबलपुर संभाग एवं सिवनी जिले के अनेक मंडी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा सिवनी जिले के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों, संयुक्त मोर्चा जिला सिवनी, मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस, पशु चिकित्सा विभाग कर्मचारी संघ तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने भी श्री सनोडिया को पदोन्नति पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कुर्मी क्षत्रिय समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, जिला अध्यक्ष रमेश सनोडिया, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों सहित समाज के अनेक लोगों ने भी नोबद सनोडिया को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उनके मंडी इंस्पेक्टर बनने पर जिलेभर में हर्ष का माहौल है।

### ड्राइवर की सूझबूझ और यात्रियों की मदद से एक बड़ा हादसा टला

सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जबलपुर से सिवनी जा रही एक स्लीपर बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर बम्होडी गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी। ड्राइवर की सूझबूझ और यात्रियों की मदद से एक बड़ा हादसा टल गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। चश्मदीदों के मुताबिक, बस अपनी सही रफ्तार में जा रही थी। बम्होडी गांव के पास पहुंचते ही ड्राइवर का बस पर से नियंत्रण खो गया और गाड़ी सड़क छोड़कर किनारे बने गड्ढे में उतर गई। घटना के वक्त बस में कई यात्री सवार थे, जो गाड़ी के रुकते ही सुरक्षित बाहर निकल आए। खबर मिलते ही लखनादौन थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया।हादसा किस वजह से हुआ, इसका अभी साफ पता नहीं चल पाया है।

# सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के 7 दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मुख्यालय होमगाड्र्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन, मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक 919/आ.प्र./भोपाल, दिनांक 11 मई 2026 के परिपालन में जिला कमांडेंट होमगार्ड सिवनी एस.आर. आज़मी के मार्गदर्शन में पीजी कॉलेज सिवनी में 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षण प्रभारी धनेंद्र अंगारे एवं एसडीईआरएफ (स्ष्ठश्वक्रस्न) टीम द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयंसेवकों की नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों में दक्षता विकसित करना है।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 16 जुलाई 2026 को उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रतिभागियों को सिविल डिफेंस संगठन के इतिहास, नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाओं, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित कानून 1968 एवं 2009, आपदाओं के प्रकार एवं उनके बुनियादी निवारण उपायों की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही स्वयंसेवकों को आपदा के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों की भूमिका, आपदा प्रबंधन में उपयोग होने वाले उपकरणों का परिचय तथा भूकंप, बाढ़ एवं अग्नि जैसी प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में सर्पदंश एवं आकाशीय बिजली गिरने जैसी आपात परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सुरक्षा एवं प्राथमिक सावधानियों की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।

### नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली एवं नशामुक्ति शपथ का आयोजन

सिवनी, शासकीय महाविद्यालय बरघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जागरूकता अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम, जनजागरूकता रैली एवं नशामुक्ति शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एल. इनवाती ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं लक्ष्यपूर्ण जीवन अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# कांग्रेस जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 4-5 अगस्त को

**सिवनी** । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार कांग्रेस संगठन को मजबूत और अधिक गतिशील बनाने के उद्धेश्य से अखिल भारतीय कांग्रेस एवं प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रशिक्षण पदाधिकारियों द्वारा ब्लॉक एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष गणों को पार्टी के मूल सिद्धांतो के अनुरूप ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर तक संगठनात्मक संरचना को नई दिशा और मजबूती देने जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाना सुनिश्चित है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा प्रशिक्षण में ब्लॉक, मंडलम की शतप्रतिशत उपस्थिति कराने हेतु सिवनी विधानसभा के ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए है। सिवनी नगर सुरेन्द्र करोसिया, शिवसनोडिया, सिवनी ग्रामीण हेतु प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, गोपालगंज ब्लॉक हेतु मोहनसिंह चंदेल, बंडोल ब्लॉक हेतु रंजीत यादव, मुंगवानी ब्लॉक हेतु उदयसिंह बघेल, बखारी एवं चमारी ब्लॉक हेतु हाजी मो. हनीफ खान, अतुलचंद मालू। इसी तरह बरघाट विधान सभा में बरघाट ब्लॉक हेतु अनिल मर्सकोले, गजानंद हरिनखेड़े, गंगेरूआ ब्लॉक हेतु दुपेन्द्र लकी अमूले, पप्पी दीवान, सुकतरा ब्लॉक हेतु जाहिद खान, कुरई ब्लॉक हेतु राकेश सनोडिया, राहुल उइके को ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर कांग्रेस संगठन के लिए बहुत ही गौरवशाली विषय है जो कि दिनांक 04 एवं 05 अगस्त 2026 को सिवनी में आयोजित किया जाएगा।

# मंडला में दो ऑटो पाट्र्स दुकानों में चोरी, सीलिंग तोड़कर घुसे चोर

हरिभूमि न्यूज मण्डला

मंडला शहर में गुरुवार देर रात चोरों ने पुलिस गश्त को चुनौती देते हुए लालीपुर तिराहे के पास स्थित दो ऑटो पाट्र्स दुकानों को अपना निशाना बनाया। चोरों ने दुकानों की छत के रास्ते सीलिंग तोड़कर अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे जब दुकानदारों ने दुकानें खोलीं, तब उन्हें घटना का पता चला। चोरी की यह वारदात केएम ट्रेडर्स और मां नर्मदा मशीनरी सेंटर में हुई। दुकान संचालकों ने जब दोपहर में दुकानें खोलीं, तो अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था और छत की सीलिंग टूटी हुई थी। सीलिंग टूटी देखकर उन्होंने तुरंत इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

केएम ट्रेडर्स के संचालक कपिल सोनी ने बताया कि चोर उनकी दुकान से करीब 40 हजार रुपए नकद और कुछ अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं। वहीं, मां नर्मदा मशीनरी सेंटर में हुए नुकसान का फिलहाल अंदाजा लगाया जा रहा है। इस दुकान के संचालक भूपेंद्र पटैल ने बताया कि पिछले एक साल के भीतर उनकी दुकान में चोरी की यह पांचवीं वारदात है। पूरी घटना कोतवाली थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित मुख्य बाजार में हुई है, जिससे शहर की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। घटना की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। चोरों की पहचान करने के लिए पुलिस दुकान और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी (CCTV) कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# 10 कार्यवाहक/उप निरीक्षकों को मिली पदोन्नति - एसपी कृष्ण लालचंदानी ने लगाए स्टार



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी जिले के पुलिस परिवार के लिए आज गौरव का दिन रहा। पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार 10 कार्यवाहक/उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी में आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पदोन्नत होने वाले अधिकारी : 1. कार्यवाहक निरीक्षक सतीश तिवारी 2. कार्यवाहक निरीक्षक खेमेंद्र कुमार जैतवार 3. कार्यवाहक निरीक्षक मोहनीश बैस 4. कार्यवाहक निरीक्षक श्रीमती अनंती मर्सकोले 5. कार्यवाहक निरीक्षक श्रीमती संदीपिका ठाकुर 6. उप निरीक्षक श्री आशीष खोबरागड़े 7. उप निरीक्षक श्री मनीष बंसोड़ 8. कार्यवाहक निरीक्षक लक्ष्मण झारिया 9. कार्यवाहक निरीक्षक शिव शंकर रामटेकर 10.कार्यवाहक निरीक्षक बृजेश उइके इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम, SDOP सचिन परते सहित जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जाति की बेटी को न्याय दिलाने अनुसूचित जाति मोर्चा का शक्ति प्रदर्शन,

# 300 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष वीरेंद्र डहेरिया ने पुलिस प्रशासन को दिया 7 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अनुसूचित जाति वर्ग की एक छात्रा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला सिवनी ने शुक्रवार को पुलिस प्रशासन के समक्ष जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए बड़ा आंदोलन छेडऩे का संकेत दिया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र डहेरिया के नेतृत्व में लगभग 300 से अधिक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पीड़ित परिवार एवं अनुसूचित जाति समाज के नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन पुलिस एसडीओपी को सौंपा। ज्ञापन की एक प्रति जिला कलेक्टर, सिवनी को भी सौंपी गई।

जिला अध्यक्ष वीरेंद्र डहेरिया ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग की छात्रा द्वारा गंभीर आरोपों के संबंध में विधिवत लिखित शिकायत पुलिस प्रशासन को दी जा चुकी है। इसके बावजूद यदि कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई नहीं होती है, तो यह केवल एक पीड़ित परिवार का विषय नहीं बल्कि समाज में कानून के शासन और न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास का भी प्रश्न है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा का उद्देश्य किसी व्यक्ति को बिना जांच दोषी ठहराना नहीं, बल्कि पीड़िता की शिकायत की निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी



अनुसूचित जाति मोर्चा अनुसूचित जाति समाज की बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के लिए सदैव संघर्ष करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। यदि समाज की किसी बेटी के साथ अन्याय होता है तो संगठन पूरी संवैधानिक शक्ति के साथ उसके साथ खड़ा रहेगा और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

जिला अध्यक्ष वीरेंद्र डहेरिया ने कहा कि ज्ञापन में पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि शिकायत की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर कानून के अनुसार आवश्यक होने पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, पीड़िता एवं उसके परिवार को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए तथा जांच में दोष सिद्ध होने पर संबंधित आरोपी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही पूरे प्रकरण की निगरानी किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से कराई जाए, ताकि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पूरी हो सके।

# सरपंच-सचिव से 4.93 लाख रुपये वसूलने के आदेश

हरिभूमि न्यूज मण्डला

**जिला पंचायत मण्डला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के न्यायालय ने ग्राम पंचायत बिनैका में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए तत्कालीन सरपंच श्रीमती अनुसुईया एवं सचिव विपिन पटैल को दोषी माना है। न्यायालय ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 92 के तहत कुल 4 लाख 93 हजार 942 रुपये की वसूली के आदेश जारी किए हैं। दोनों पर समान रूप से 2 लाख 46 हजार 971 रुपये जमा करने की जिम्मेदारी तय की गई है।**

न्यायालय के समक्ष ग्राम बिनैका निवासी विजय चौरसिया की शिकायत पर जनपद पंचायत स्तर से कराई गई जांच में कई वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताएं सामने आई थीं। जांच में पाया गया कि ग्रामसभा एवं पंचायत बैठकों में आय-व्यय का अनुमोदन नियमित रूप से नहीं कराया गया तथा नल-जल योजना सहित विभिन्न कार्यों में वित्तीय नियमों का पालन नहीं किया गया। निर्णय में उल्लेख है कि नल-जल योजना के तहत प्राप्त जलकर की राशि में से बड़ी रकम बैंक खाते में जमा करने के बजाय सीधे नगद खर्च की गई। पाइप लाइन मरम्मत एवं विस्तार कार्यों में मूल्यांकन से अधिक भुगतान, मोटर पम्प सुधार कार्य एवं पम्प हाउस संधारण पर बिना विधिवत अनुमोदन के व्यय तथा आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने को गंभीर वित्तीय अनियमितता माना गया। न्यायालय ने यह भी माना कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत निर्मित नाडेप संरचना को नष्ट होने देने से शासकीय धन का अपव्यय हुआ, जिसकी जिम्मेदारी भी तत्कालीन सरपंच एवं सचिव की है।

175 करोड़ की योजना में लगाई थी आग

# राघोटोला सिंचाई प्लांट आगजनी कांड में 9 और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के लामता में करोड़ों रुपए की माइक्रो लिफ्ट सिंचाई प्लांट योजना में आगजनी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। घटना के बाद 15 दिन से फरार चल रहे नौ और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। इस कार्रवाई के बाद मामले में अब तक कुल 12 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि इस पूरी वारदात का मुख्य सूत्रधार एक भाजपा नेता है। भाजपा नेता और बालाघाट जनपद पंचायत के सभापति भुवनेश्वर रजक ने प्लांट प्रबंधन से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी।

मांग पूरी न होने पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पूरे प्लांट को आग के हवाले कर दिया था। इस मामले में भाजपा नेता और सरपंच समेत तीन आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं।

बदमाशों द्वारा लगाई गई इस भीषण आग में सिंचाई प्लांट में रखी भारी मशीनरी, महंगे पाइप, तीन लोहे के कंटेनरों में रखा ओएमएस और स्काडा मटेरियल तथा कीमती पैनल जलकर पूरी तरह खाक हो गए थे। प्लांट प्रबंधन के मुताबिक इस सोची-समझी वारदात से कंपनी को लगभग 4 से 5 करोड़ रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

यह महत्वाकांक्षी माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में 146 करोड़ रुपये में स्वीकृत हुई थी, जिसकी लागत बाद में बढ़कर 175 करोड़ रुपये हो गई थी।

इस योजना से क्षेत्र के 55 गांवों के करीब 12 हजार किसानों के खेतों तक पानी पहुंचना था, लेकिन आगजनी के बाद काम ठप होने से किसानों को भारी नुकसान की आशंका है।

शिकायतों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही

# सावजी भोजनालय में मिली भारी गंदगी जैन बेकरी के खाद्य नमूने जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में प्राप्त शिकायतों के आधार पर गर्रा स्थित सावजी भोजनालय और जैन बेकरी में औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सावजी भोजनालय में गंभीर स्वच्छता संबंधी खामियां सामने आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया, जबकि जैन बेकरी से खाद्य नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने गर्रा स्थित सावजी भोजनालय का निरीक्षण किया। जांच में प्रतिष्ठान का खाद्य सुरक्षा पंजीयन तो वैध पाया गया, लेकिन किचन और परिसर की हालत बेहद खराब मिली। निरीक्षण के दौरान किचन एवं बर्तन धुलाई क्षेत्र की दीवारें और फर्श जर्जर एवं टूटी-फूटी पाए गए। परिसर में मक्खियों का प्रकोप, गंदगी, अव्यवस्थित रखरखाव तथा अस्वच्छ वातावरण देखने को मिला। अधिकारियों ने इसे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित भोजनालय के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।

इसी तरह, जैन बेकरी के खिलाफ खाद्य पदार्थों में रसायनों एवं कृत्रिम रंगों के उपयोग की शिकायत मिलने पर जांच की गई। कार्रवाई के दौरान डोनट, इंप्रूवर, एनहांसर सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने एकत्रित कर विधिवत परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में आम नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। मिलावट, अस्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नवागत थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने संभाली किरनापुर थाने की कमान

**किरनापुर।** नवागत थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने पुलिस थाना किरनापुर की कमान संभालते ही डबलमनी मामले, ग्राम पंचायत साल्हे के मारपीट का मामला, पीपरटोला कुएं गैस में दो व्यक्तियों की मौत का मामला, ग्राम भुवा में चार साल के बच्चे की नदी में हुई मौत के मामले को सुलझाया। थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने किरनापुर थाने की कमान संभालते ही टी.आई. के पद पर प्रमोशन मिलने पर आपको बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं पत्रकारो की परिचयात्मक बैठक की।

# वन परिक्षेत्र हट्टा (सामान्य ) द्वारा पैंगोलिन का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज हट्टा ।

17 जुलाई 2026 को रात्रि लगभग 12.30 बजे ग्राम पारसपानी के निवासी प्रशांत चौधरी की सूचना के आधार पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मै वन परिक्षेत्र हट्टा सामान्य के अधिकारी एवं कर्मचारी उसके निवास पर पहुंचे जहां एक विलुप्त प्रायः वन्य जीव पैंगोलिन उसके घर पर भटककर आ गया था। जिसे वन विभाग के द्वारा सुरक्षित रूप रेस्क्यू कर वन परिक्षेत्र कार्यालय हट्टा लेकर आए,एवं श्रीमान उपवनमण्डलाधिकारी बालाघाट (सा.) एवं सुरेंद्र कुमार शेंडे परिक्षेत्र अधिकारी हट्टा सा. की उपस्थिति में उक्त वन्य जीव पेंगोलीन की पशु चिकित्सक डॉ दार्मेंद्र गौतम पशु चिकित्सा अधिकारी हट्टा द्वारा उक्त वन्य जीव का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, उसके पश्चात वन्य प्राणी पैंगोलिन को मानव व्यवधान रहित आरक्षित वन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ा गया। उक्त कार्यवाही में हट्टा परिक्षेत्र के कर्मचारी तिलक उइके,वीरेंद्र कुमार बुरे, दिलीप सोनेकर, नितिन कुमार ,कमलेश,राहुल, रामसखा,का सराहनीय योगदान रहा ।



# सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय भावातीत ध्यान योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के द्वारा प्रदत्त भावातित ध्यान पांच दिवसीय कार्यक्रम का सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल बालाघाट में 13 जुलाई दिन मंगलवार को षुभारंभ किया गया। शिविर में शाला के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक ध्यान, एकाग्रता और आंतरिक संतुलन से जुडे.विभिन्न अभ्यास किए। सर्वप्रथम इसमें सरस्वती पूजन एवं गुरु परंपरा को माल्यार्पण कर गुरु परंपरा की पूजा की गई जो कि महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य सतीश चैरसिया जी एवं तुमसर से पधारे प्राचार्य हरिओम दुबे एवं सभी ध्यान शिक्षकों के द्वारा पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या कु. पूर्णिमा देशमुख द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का एक पेड़ देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात सर्वप्रथम महर्षि जी के पावन वचनों को जन-जन तक सतीश चौरसिया द्वारा पहुंचाया गया एवं हरिओम दुबे द्वारा भी महर्षि जी के जीवन परिचय एवं भावतित ध्यान पर चर्चा की गई साथ में भावातित ध्यान के शिक्षक मनोज ज्योतिषी, सुनीता तिवारी, रमेश कावरे स्वाति द्वारा भावातित ध्यान पर प्राथमिक भाषण व तैयारी भाषण दिया गया, तत्पश्चात सभी ध्यानियों को मनोज ज्योतिषी द्वारा ध्यान कराया गया। इसमें महर्षि जी के विश्व शांति हेतु इन स्कूलों में जाकर तथा आवर्त ज्ञान एवं महर्षि जी के जीवन को जन-जन तक पहुंचाने का हम लोगों ने प्रयास किया तथा हम लोग महर्षि महेष योगी जी द्वारा प्रदत्त भावातित ध्यान कार्यक्रम एवं उनके द्वारा रचित पुस्तकों के बारे में सभी लोगों को अवगत कराया, पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भावातित ध्यान का परिचय एवं उससे होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस पूरे कार्यक्रम को सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की षिक्षिका श्रीमती प्रीति शुक्ला ने मंच का संचालन किया तथा इसमें षाला के सभी शिक्षक शिक्षकों का बहुमूल्य योगदान रहा। इस कार्यक्रम में षाला मैनेजमेंट का भी काफी योगदान रहा जिसमें श्री अंषुल जायसवाल, श्री संजीव मिश्रा, श्री नरेश धुवारे एवं षाला प्राचार्या कु. पूर्णिमा देषमुख का योगदान सराहनीय।

जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री का वितरण कर बाटी मिठाइयां

# रक्तदान महादान सेवा समिति के सदस्य ने स्कूली छात्रों के साथ मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र के पाथरी संकुल के अंतर्गत प्राथमिक स्कूल गुदरवाड़ा के जरूरतमंद छात्र छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरण कर अपना जन्म दिवस जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाया । यह एक सराहनीय पहल है इस तरह के आयोजनों से जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा में मदद मिलती है और बच्चों को स्कूल जाने की प्रेरणा मिलती है। जन्मदिन के शुभ अवसर पर छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरण कर मिठाई भी खिलाएं शिक्षण सामग्री में कॉपी, पेन, स्कूल बैग, पेंसिल, बांटना एक बहुत ही सराहनीय और प्रेरणादायक पहल है इससे बच्चों के शिक्षा में आ रही आर्थिक बाधाऐं भी दूर होती है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है वहीं शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे ।

इस अवसर पर प्राथमिक शाला गुदरवाड़ा के बच्चों के साथ



रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली बालाघाट के सभी सदस्यों ने स्कूल में वृक्षारोपण किया गया।

इसके साथ ही बच्चों को पर्यावरण का संदेश देते हुए जागरुक कर प्रेरित भी किया गया । जिससे छात्रों को बताया गया कि अधिक से अधिक पौधे लगाए, जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक, शिक्षिका एवं समस्त स्टाफ ने रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक बहुत अच्छी सराहनीय पहल है जरूरतमंदों के लिए आगे आकर ऐसी पहल करते रहना चाहिए एवं निस्वार्थ भाव से ऐसी सेवा करते रहे।

# पीएमश्री कन्या उमावि बूढ़ी बालाघाट में गुरुपूर्णिमा पखवाड़ा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 15 जुलाई बुधवार को प्रार्थना सभा में गुरुपूर्णिमा पखवाड़ा का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवम् गुरु वंदना से किया गया।वंदना- सदगुरु बिना किसी को सद्ज्ञान कब मिला है,से संगीतमय वातावरण बनाया गया।तत्पश्चात प्राचार्य एस. के. तूरकर के उद्बबोधन में छात्र11ों को माता पिता प्रथम गुरु एवम् उनकी अवहेलना ना करने के नीतिसंगत बातों से अवगत कराया गया।इस अवसर पर संस्था के सभी 39 शिक्षक शिक्षिकाए, कर्मचारीगण एवं कुल 819 छात्र छात्राये उपस्थित रहे।राष्ट्रगीत के साथ आज के कार्यक्रम का समापन हुआ।इसी क्रम में 16 जुलाई को संदीपनी विद्यालय बालाघाट का शैक्षणिक भ्रमण किया गया, छात्रों ने संगीत कक्ष, आर्ट एंड क्राफ्ट कक्ष, गणित, विज्ञान, भौतिकी, रसायन प्रयोगशाला का भ्रमण कराया गया। इसमें कक्षा ग्यारहवीं के 79 विद्यार्थियों ने भाग लिया, शाला से वरिष्ठ शिक्षकों विनय मिश्रा, हरीश धूवारे, गायत्री पटले , अलका धुर्वे, माया बिसेन, शारदा वराडे के मार्गदर्शन में छात्रों ने भ्रमण किया ।

# डायरिया रोको अभियान के तहत पीएचई विभाग ने पेयजल स्रोतों की जांच कर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा 'डायरिया रोको अभियान' के तहत ग्राम ओरम्हा, टेकाड़ी एवं डोगरबोड़ी में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके के निर्देशन में पीएमयू समन्वयक शीतल मिश्रा, हरीश झा एवं ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत ने गांवों का भ्रमण कर पेयजल स्रोतों का निरीक्षण किया तथा फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) से पानी की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही ग्रामीणों को स्वयं पानी की जांच करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

बरसात के मौसम में डायरिया एवं अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विभागीय टीम ने हैंडपंपों एवं सार्वजनिक पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन कराया। इसके अलावा ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन कर स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। टीम ने भोजन से पहले, भोजन बनाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाने पर विशेष जोर दिया।अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों से हमेशा स्वच्छ एवं ढका हुआ पानी पीने, पेयजल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा दूषित पानी के उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल ही डायरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है।

# पीजी कॉलेज बालाघाट में 'नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत 2.0' अभियान के तहत शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत 2.0' अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. गजानन कटरे तथा राष्ट्रीय सेवा योजना बालक इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर नशा मुक्ति विषय पर पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के अंत में एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली और स्वयं नशे से दूर रहने के साथ परिवार एवं समाज को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति वारासिवनी जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक/मण्डी/तौलकांटा/2026-27/158 वारासिवनी दिनांक- 12/07/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय आमंत्रण)**

कृषि उपज मंडी संगिति वारासिवनी (स) श्रेणी मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत (इलेक्ट्रानिक तौलकांटा) संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमीयम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_520568_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाये दिनांक 22.07.2026 को शाम 3:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारो को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल hrrps://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी ।

कृषि उपज मण्डी समिति,
वारासिवनी जिला बालाघाट (म.प्र.)

# नशे के खिलाफ पुलिस का जनजागरण अभियान शुरू, 30 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के तहत लांजी थाना परिसर में गुरुवार को प्रेसवार्ता आयोजित की गई। उपनिरीक्षक एवं थाना प्रभारी मुकेश डुहरिया ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाले इस विशेष जनजागरूकता अभियान का उद्देश्य युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है।थाना प्रभारी ने बताया कि अभियान के दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रैलियां, जनसंवाद, पोस्टर एवं पंपलेट वितरण, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार तथा स्कूलों एवं कॉलेजों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया था, जिसे आमजन का अच्छा सहयोग मिला था।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मुकेश डुहरिया ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार की खुशहाली और समाज की शांति के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों को अपनाएं और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के कारोबार पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखा जा सके।थाना प्रभारी ने नागरिकों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ इस जनअभियान में सहभागी बनें, अवैध नशे के कारोबार की सूचना पुलिस को दें तथा नशामुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि ₹नशे से दूरी ही सुरक्षित भविष्य और स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी पहचान है।

**//नाम परिवर्तन सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं भागवत प्रसाद खरे एक साथ लिखा गया हैं। भागवत प्रसाद खरे(Bhagwat Prasad Khare) पिता फत्तेश खरे (Fattesh Khare) ग्राम मेंडकी तहसील बैहर जिला बालाघाट का निवासी हूं। मेरा नाम एवं सरनेम अलग-अलग लिखा व जाना, पहचाना जावें।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.) : AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111